Publication: **Business Bhaskar** I Region: **Delhi** I Date: **06/12/2013** I Page No.: **3**

रिलायंस लाइफ लाएगी 25 नए उत्पाद

अजीत सिंह • पणजी (गोवा)

अनिल धीरूभाई अंबानी समूह (एडीएजी) समूह की रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस 25 नए उत्पादों को लांच करेगी। यह उत्पाद बीमा नियामक इरडा द्वारा नए दिशा निर्देश के कारण लांच किए जाएंगे। अगले कुछ महीनों में इन्हें लांच कर दिया जाएगा। यह जानकारी रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनूप राव ने दी।

गोवा में कंपनी के तीन दिवसीय ऑफसाइट कार्यक्रम में अनूप राव ने कहा कि उपरोक्त उत्पादों में से अधिकतर को बीमा विनियामक व विकास प्राधिकरण (आईआरडीए/इरडा) से मंजूरी मिल चुकी है और पूरे भारत में कंपनी के मजबूत वितरण नेटवर्कों तथा एजेंट नेटवर्कों के जरिए इसे उपलब्ध कराया जाएगा। राव के मुताबिक इन उत्पादों को अगले तीन महीनों में लांच कर दिया जाएगा, जिसकी शुरुआत एक जनवरी 2014 से होगी। राव ने कहा कि हमारा फोकस मुख्य रूप से पारंपरिक बीमा उत्पादों पर होगा और आगे भी इसी तरह की रणनीति है। कंपनी के कुल कारोबार में यूलिप का हिस्सा इस समय 16 फीसदी के करीब है, जिसे वह उसी स्तर पर बनाए रखना चाहती है। उनके मुताबिक सहज और जरूरतों के मुताबिक कंपनी ग्राहकों को उत्पाद उपलब्ध कराएगी। राव ने कहा कि रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस के टॉप लाइन में यूलिप का बहुत ज्यादा योगदान नहीं है। जबकि पारंपरिक उत्पादों का योगदान 80 फीसदी है। इरडा का नया दिशानिर्देश जीवन बीमा उत्पादों को तीन वर्गों में है जिसमें पारंपरिक बीमा प्लान, वैरिएबल बीमा प्लान और यूलिप प्लान का समावेश है। रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस और अधिक उत्पादों के लिए आवेदन फाइल करने की योजना बना रहा है।

योजना

अधिकतर उत्पादों को इरडा से मंजूरी मिल चुकी है और पूरे भारत में इन्हें उपलब्ध कराया जाएगा

इन उत्पादों को जनवरी 2014 के बाद से अगले तीन महीनों में लांच कर दिया जाएगा

बात पते की

कंपनी के कुल कारोबार में यूलिप का हिस्सा इस समय 16 फीसदी के करीब है, जिसे वह उसी स्तर पर बनाए रखना चाहती है